तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून 2025


11 ग्रीन वुड सिटी में बच्चों ने किया पौधरोपण


12 दुर्गा कॉलोनी की टूटी गली से लोग बेहाल

## खबर संक्षेप

### मदवि : आठ शोधार्थी पीएचडी पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर 8 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- फिजिकल एजुकेशन से दिनेश कुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग से भावना अहलावत, बॉटनी से अनीश, पर्यावरण विज्ञान विभाग से शिक्षा मलिक, लॉ से ऋषि और अयूब आबिद रशीद, अंग्रेजी से रिधा समीर और इकोनॉमिक्स से सुषमा को पीएचडी के लिए पात्र घोषित किया गया।

### हादसे में भैणी महाराजपुर के युवक की मौत, केस



**महम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर हुए एक सड़क हादसे में भैणी महाराजपुर गांव के एक युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई ने पुलिस को एक शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में भैणी महाराजपुर गांव निवासी विष्णु पुत्र रणबीर ने बताया कि उसका छोटा भाई 26 वर्षीय रवि पुत्र रणबीर अपनी गाड़ी द्वारा नारनौल से अपने गांव आ रहा था। इस दौरान एनएच 152 डी पर किसी अज्ञात वाहन से उसका एक्सीडेंट हो गया। रोहतक के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। महम थाना पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### आधार सेंटर देने के नाम पर ठगी करने वाला काबू



**रोहतक।** जिला पुलिस की टीम ने आधार सेंटर देने के नाम पर हुई 40 हजार रुपये की ठगी की वारदात में गिरोह में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। थाना महम प्रभारी सुभाष सिंह ने बताया कि 29 मई 2025 को फरमाना खास निवासी नवदीप की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच मे सामने आया कि नवदीप ने इंस्टाग्राम पर आधार सेंटर लेने की ऐड देखी। नवदीप के पास फोन आया और आधार सेंटर देने का लालच देकर 40040 रुपये ट्रांसफर करवा लिये। मामले की जांच एएसआई विकास द्वारा की गई। आरोपी विकास निवासी प्रताप विहार, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।

# किलोई में अधेड़ की गला घोंट कर हत्या, दोस्तों पर लगा मर्डर का आरोप

■ शराब पीने के दौरान विवाद होने पर हत्या का आरोप, पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सदर थाना क्षेत्र स्थित गांव किलोई में रविवार को एक अधेड़ की हत्या कर दी गई। हत्या का शक मृतक के ही दोस्तों पर लगाया जा रहा है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि अधेड़ अपने दोस्तों के साथ गांव के पशु अस्पताल में शराब पीने के लिए गया था। जहां किसी बात को लेकर विवाद होने पर उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। परिजनों ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग सतीश के साथ मौजूद थे। वह उसके साथ शराब पीने गए थे, जिसके बाद विवाद होने पर उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी गई।

■ ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची

■ पुलिस ने गांव में लगे कैमरे खंगाले

पुलिस मृतक के साथियों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक 40 वर्षीय सतीश कुमार शादीशुदा है। वह खेतीबाड़ी कर परिवार का पालन पोषण करता था।

वह अपने साथियों के साथ दिन में ही पशु अस्पताल की तरफ गया था। जहां सभी ने आपस में मिलकर शराब का सेवन किया। इस दौरान किसी बात को लेकर सतीश के साथी भड़क गए और सतीश की गला घोंट कर हत्या कर फरार हो गए। सतीश का शव देखने के बाद ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सतीश की मौत से परिजन सदमे में हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।


रोहतक। वारदात स्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी। (इनसेट में) मृतक सतीश।

**एफएसएल टीम पहुंची**

### पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए, पूछताछ भी की

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। सदर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इस दौरान पुलिस ने आसपास लोगों से भी मामले को लेकर पूछताछ की। पुलिस आरोपियों का पता लगा रही है कि सतीश के साथ उस समय कौन-कौन शराब पी रहे थे। इसके अलावा एफएसएल एक्सपर्ट डॉ सरोज दहिया की टीम ने भी मौके का निरीक्षण कर सबूत एकत्रित किए। अब तक की जांच में माना जा रहा है कि सतीश की हत्या गला घोंट कर की गई है। इसके अलावा पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता लग पाएगा। वहीं परिजनों ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सतीश के साथ कौन- कौन था, जांच में जुटी पुलिस

सदर थाना की टीम ने किलोई में जगह जगह लगे हुए कैमरे भी खंगाले। इस दौरान टीम ने अस्पताल की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगे हुए कई कैमरों की डिटेल खंगाली। पुलिस यह जानना चाहती है कि सतीश के साथ अस्पताल की तरफ कौन कौन गया था। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप, पूछताछ शुरू

गांव किलोई में एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक अपने दोस्तों के साथ पशु अस्पताल में शराब पी रहा था। इस दौरान किसी बात पर उनका झगड़ा हो गया और उसके दोस्तों ने ही गला घोंट कर हत्या कर दी। अभी परिजनों की शिकायत दर्ज नहीं हुई है। शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। अभी पूछताछ की जा रही है।
-रविंद्र कुमार, प्रभारी, सदर थाना, रोहतक

# इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन की फाइल ठंडे बस्ते में, प्रोजेक्ट के लिए काट डाले थे 163 पेड़

■ न्यू बस अड्डे पर अधर में लटका प्रोजेक्ट ■ यूनियन ने किया था विरोध ■ अब तकनीकी अड़चनें बनी बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के नए बस अड्डे पर प्रस्तावित इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन अब तक हकीकत नहीं बन सका है। इस प्रोजेक्ट को लेकर प्रशासन ने करीब डेढ़ साल पहले बस स्टैंड परिसर में मौजूद 163 पेड़ों की कटाई करवाई थी, लेकिन उसके बाद से यह परियोजना ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। चार्जिंग स्टेशन के लिए बस स्टैंड में मौजूद पुलिस चौकी के पास खाली क्षेत्र को चिह्नित किया गया था। इसी जगह से 163 पेड़ों को काटा गया, जिसे लेकर उस समय यूनियन कर्मचारियों ने विरोध भी जताया था, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में कटाई पूरी की गई। आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही यहां इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण शुरू होगा, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। अधिकारियों के अनुसार, परियोजना नए वित्तीय वर्ष के बजटीय अनुमोदन और तकनीकी कारणों की वजह से रुकी हुई है। जबकि चार्जिंग स्टेशन से जुड़ी अन्य प्रक्रियाएं अभी भी जारी हैं, पर मुख्य निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हो रही है।

■ यूनियन ने पेड़ काटने का किया था विरोध, पुलिस की मौजूदगी में हुई थी कटाई



### 50 बसों के लिए रूट भी हो गए थे तय

दिसंबर 2024 में मिलने वाली 50 बसों में रोहतक से महम के लिए 8 बसें, सांपला के लिए 8 बसें, कलानौर के लिए 6 बसें, महिला गर्वमेंट कॉलेज लाखनमाजरा के लिए 6 बसें, महिला गर्वमेंट कॉलेज मोखरा के लिए 2 बसें, सांघी तकनीकी कॉलेज के लिए 2 बसें, न्यू बस स्टैंड से वाया दिल्ली बाईपास पीजीआई के लिए छह बसें, शहर के अन्य लोकल रूट ओर कॉलेज के लिए 6 बसें, पीटीसी सुनारिया के लिए 4 बसें व इंडस्ट्रीयल एरिया व बलियाणा के लिए भी दो बसें निर्धारित की गई थी। लेकिन आज पांच सिटी बसें ही शहर में दौड़ रही है।

### रोडवेज यूनियन ने दोबारा उठाए सवाल

यूनियन कर्मचारियों ने एक बार फिर इस मुद्दे को उठाते हुए कहा है कि यदि पेड़ों की बलि देकर भी विकास कार्य अधर में लटक जाएं, तो यह आम जनता के विश्वास के साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन के साथ भी अन्याय है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखें तो 163 हरे-भरे पेड़ों की बलि देकर भी अगर चार्जिंग स्टेशन तैयार नहीं हो पाया, तो यह न केवल वातावरण के लिए नुकसानदायक है, बल्कि शहरी नियोजन की गंभीर खामी को भी दर्शाता है।

### बस स्टेशन के लिए हटाई जानी थी पुलिस चौकी

नए बस स्टेशन को लेकर बस स्टैंड पर बनी पुलिस चौकी को भी हटाया जाना था। इसी के साथ बने यूनियन कार्यालयों को भी हटाया जाना था। लेकिन मौके पर पेड़ों की कटाई ही हो पाई। ऐसे में वहां पर खाली मैदान ही पड़ा हुआ है। वहां पर काटे गए पेड़ों के नीचे यात्री विश्राम से लेकर बसों का इंतजार भी करते थे। लेकिन जब से पेड़ काटे गए है, यहां पर यात्रियों का आना जाना तक बंद हो गया है।

### मुख्यालय से आई टीम ने सर्वे किया था

इसके लिए पिछले वर्ष मुख्यालय से आई टीम द्वारा सर्वे भी किया गया था। उसके बाद से इस बारे में उच्च अधिकारी ही बता सकते हैं। बसों के लिए रूट भी तैयार हुए थे। मुख्यालय ने रूटों का ब्योरा भी मांगा था। सभी जानकारी भिजवा दी गई थी।
-सुरेंद्र सिवाच, वर्कशाप मैनेजर

# निंदाना में महिला पर चढ़ाया ट्रैक्टर, पति व बेटे पर भी किया हमला

**महम।** निंदाना गांव में एक व्यक्ति ने एक महिला पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। ट्रैक्टर चालक ने महिला के पति और उसके बेटे के साथ भी मारपीट की। महिला की शिकायत पर हमले के आरोपित सोनू और आशीष के खिलाफ महम थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रमिला पत्नी बारे सिंह ने बताया कि वह गृहणी है। उसका एक बेटा है, जिसका नाम मोहित है। उसका बेटा मोहित शाम को साढ़े पांच बजे अपनी मोटर साइकिल पर खेत में धान की पौध में पानी देने के लिए गया था। रास्ते में जा रहा था तो निंदाना गांव का ही सोनू पुत्र अजमेर और आशीष पुत्र अजमेर मिले। जो अलग अलग ट्रैक्टर लेकर खेतों की ओर आ रहे थे। सोनू ने अपने ट्रैक्टर की साइड मोहित को मारी। वह मोटर साइकिल सहित वहां पर गिर गया। यह बात मोहित ने अपने पिता को फोन पर दी। फोन सुनकर उसका पति बारे सिंह और वह खुद घर से बाहर सड़क पर आ गए। सामने से सोनू ट्रैक्टर लिए आता हुआ दिखाई दिया। सोनू ने ट्रैक्टर से उनका रास्ता रोक लिया। जब यह पूछा कि मोहित पर उसने ट्रैक्टर क्यों चढ़ाया। प्रमिला ने बताया कि यह सुनते ही उसने उस पर ट्रैक्टर चढा दिया। ट्रैक्टर की टक्कर से वह और उसका पति घायल हो गए। प्रमिला ने बताया कि सोनू ने उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। वहां से गुजर रही बस के यात्रियों ने उसे बचाया।

■ महिला की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ महम थाने में केस दर्ज

# मेडिकल स्टोर नहीं लगा सकेंगे डिस्काउंट का बोर्ड

**रोहतक।** जिला केमिस्ट एसोसिएशन की मीटिंग जिला प्रधान महेंद्र सिंह चावला (रूबी)की अध्यक्षता में एक निजी होटल में हुई। जिसमें शहर के दवाई विक्रेताओ ने भाग लिया और अपने अपने विचार रखे। इस दौरान सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई कि कोई भी दुकानदार अपने दुकान के बाहर डिस्काउंट का बोर्ड नही लगाएगा व दवाइयों पर कोई भी डिस्काउंट नही देगा क्योकि ड्रग रूल में दवाइयों पर डिस्काउंट का कोई भी प्रवाधान नहीं है ये जो डिस्काउंट आपको 10 से 15 प्रतिशत तक का मिलता है। अगर आप सारी कमाई डिकॉउंट में ही दे दोगे तो घर कैसे चलेगा। साथ ही जो मेडिकल स्टोर संचालक एमडीपीएस प्रोडेक्ट की सेल करता है उसे पूरा रिकार्ड रखना चाहिए। इस मौके पर एसोसिएशन के ऑर्गनाइजिंग सचिव अमित ढल व रिटेल से प्रेम तायल, अरुण कुमार, विमल भटला, राजेन्द्र अग्रवाल, अनूप सैनी सहित अन्य मेडिकल स्टोर संचालक मौजूद रहे।

■ जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने लिया फैसला



रोहतक। एसोसिएशन प्रधान महेंद्र सिंह चावला व अन्य जानकारी देते हुए।

# लोहारू एसडीएम की बोलेरो गाड़ी में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलानौर

रोहतक भिवानी सड़क मार्ग पर एक सरकारी बोलेरो गाड़ी में आग लग जाने का मामला सामने आया है। गाड़ी लोहारू एसडीम ऑफिस की बताई जा रही है। जिसमें अज्ञात कारणों के चलते अचानक से आग लग गई। फिलहाल इस आगजनी की घटना में गाड़ी सवार सभी लोग पूर्णत सुरक्षित है जो आग लगने से पहले ही गाड़ी से उतर गए थे। मौके पर मौजूद लोहारू एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि वह ड्राइवर के साथ सरकारी बोलेरो गाड़ी में सवार होकर, रोहतक कमिश्नर से मिलकर लोहारू की ओर जा रहे थे कि वह जैसे ही खैरड़ी मोड़ के समीप पहुंचे गाड़ी के ऐसी ने अचानक से काम करना बंद कर दिया। जब ड्राइवर व उन्होंने गाड़ी से नीचे उतर कर देखा तो अचानक से गाड़ी से धुआ उठने लगा जो देखते ही देखते आग पकड़ गया। राहगीरों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उसने देखते ही देखते पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई।

■ हादसे में एसडीएम व ड्राइवर दोनों सुरक्षित


कलानौर। वाहन में लगी आग।


कलानौर। आग पर काबू पाने के बाद वाहन के पास खड़े राहगीर।

# पंचायत उपचुनाव : अटायल में सतीश 420 व बनियानी में रामजीवन 55 वोटों के अंतर से सरपंच चुने गए

■ चुनाव को लेकर अलर्ट पर रहा प्रशासन ■ जगह- जगह तैनात रहे पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

रविवार को अटायल और बनियानी पंचायत के लिए सरपंच का उप चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। अटायल के सतीश और बनियानी के रामजीवन सरपंच चुने गए हैं। बनियानी में उम्मीदवारों का कांटे का मुकाबला था। और यहां हार जीत का अंतर 55 वोट का था। जबकि अटायल में 420 वोट का अंतर रहा। जीत की घोषणा होते ही समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। सतीश कुमार को 1069 वोट मिले। जिसको विजयी घोषित किया गया। 3653 वोटों में से 2916 वोट डाले गए। जबकि दूसरे स्थान पर नवीन को 649वोट मिले । जसवंत को 623 मत ,जबकि निष्कासित सरपंच राजबीर को 565 ही वोट मिले। एसडीएम उत्सव आनंद ने किया परिणाम घोषित। प्रशासन ने वोटिंग के लिए चार मतदान केंद्र बनाए थे। एसडीएम उत्सव आनंद ने परिणाम घोषित किया। और सतीश कुमार को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत अधिकारी राजपाल बीडीपीओ रोहतास पंचायत अफसर अजीत सिंह भी मौके पर रहे। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। स्कूल के अंदर बाहरी वाहनों को नहीं आने दिया। जबकि बाहरी लोगों पर भी नजर रखी गई। मतदान केंद्र पर फोन ले जाने के लिए पाबंदी लगा दी थी।

■ रिजल्ट का ऐलान होने पर जीते प्रत्याशियों के समर्थक खुशी से झूमे

कलानौर संवाददाता के मुताबिक बनियानी के सरपंच रामजीवन चुने गए हैं। रामजीवन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महिपाल को 55 मतों से पराजित किया। महिपाल को 1456 और राजजीवन ने 1511 हासिल हुए। यहां तीन उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे थे। बंसी विज को 368 वोट मिले। 17 वोट नोटा को भी दिए। कुल वैध मत 3352 थे। वोटिंग प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्वक रही। जिला प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे।


सांपला। अटायल में चुनाव जीतने के बाद सतीश को बधाई देते ग्रामीण।

# वर्ल्ड डेफ क्रिकेट लीग में छाए एमडीयू के संदीप खन्ना, कुलपति ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विद्यार्थी संदीप खन्ना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए वर्ल्ड डेफ क्रिकेट लीग में भारतीय टीम की ओर से भाग लिया। संदीप की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संदीप खन्ना, जो एमडीयू में सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज के विद्यार्थी हैं, ने अपनी मेहनत और लगन से ना केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है, बल्कि वर्ल्ड डेफ क्रिकेट लीग में उनकी शानदार परफॉर्मेंस को क्रिकेट विशेषज्ञों ने भी सराहा है।

### विवि के लिए गर्व का क्षण : वीसी



कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि संदीप जैसे विद्यार्थियों की उपलब्धियां विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एमडीयू अपने विद्यार्थियों को खेलों और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। संदीप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, कोच और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से खेलने का मौका मिलना उनके लिए एक सपना पूरा होने जैसा था। सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज की निदेशिका प्रो. प्रतिमा देवी ने भी इस उपलब्धि के लिए छात्र संदीप खन्ना को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



## हरियाणवी पहनावा

हरियाणा का पारंपरिक पहनावा पुरुषों के लिए धोती, कुर्ता और पगड़ी, और महिलाओं के लिए घाघरा, चोली और चुंदड़ी है, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। हालांकि शहरी महिलाओं और पुरुषों में अब यह पहनावा कम ही देखने को मिलता है। युवाओं में तो आधुनिक वेशभूषा का ही क्रेज हैं। स्कूल व कॉलेजों के सांस्कृतिक समारोहों में जरूर यह पारंपरिक पहनावा देखने को मिल जाता है।



# हमारी योग पद्धति का दुनिया में बज रहा डंका

**भारत सरकार ने योग और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए हरियाणा के कई युवाओं को विदेशों में भेजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर प्रस्ताव रखा था, जिस पर 177 देशों ने सहमति दी थी। इसके तहत 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और यह आज तक बदस्तूर जारी है।**

**भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं। वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।**

योग और संस्कृति

**राज कुमार नरवाल**

योग स्वस्थ तन एवं मन की प्राप्ति के लिए की जाने वाली एक क्रिया है। योग एक अत्यंत आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं।

वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर 177 देशों ने अपनी सहमति जताई थी। 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। तब से हर साल 21 जून को दुनियाभर के देशों में योग दिवस जोश के साथ मनाया जाता है। हरियाणा में भी प्राचीन समय से ही योग की परंपरा रही है। शुरू से ही यहां पर कसरत, कबड्डी व कुश्ती जैसे क्रिया कलाप होते रहे हैं। यहां तक कि शिक्षा के केंद्रों में भी विद्यार्थियों को इनका अभ्यास करवाया जाता रहा है। हरियाणा के लोगों को बचपन से ही शारीरिक श्रम करने का शौक रहा है। आज भी हरियाणा के अनेक खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।



कुरुक्षेत्र के अजय राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।

## विदेशों में योग सिखा रहे हरियाणवी

हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई योग शिक्षक विदेशों में इंडियन कल्चर डिप्लोमैट के तौर पर योग और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। महम के खरकड़ा गांव से डॉ. सोमवीर आचार्य सुरीनेम में भारतीय योग दर्शन, हिंदी, संगीत, नृत्य आदि का फैलाव कर रहे हैं। डॉ. सोमवीर आचार्य ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अजय कुमार राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, मोन्सट्रेट आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं। अजय कुमार राठी इससे पूर्व रूस और चीन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे पहले भारत सरकार ने पानीपत के कवि गांव निवासी डॉ. देवेंद्र सिंह को हांगकांग, फरीदाबाद के मनोज को स्पेन, झज्जर से जयवंती सिंह को स्लोवाकिया, झज्जर के आशीष गहलावत को सऊदी अरब, डीघल के राम अहलावत को रूस में, बरहाना से अजीत अहलावत को पोर्ट मोरेस्बई, मातनहेल गांव की बहु सोनू को बेल्जियम भेजा था। इनके अलावा भी हरियाणा के कई युवक युवतियां विदेशों में योग एवं प्राणायाम और भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं



डॉ. सोमवीर आर्य (द्वितीय सचिव) सांस्कृतिक राजदूत, भारतीय राजदूतावास, सूरीनाम, दक्षिणी अमेरिका।



भारतीय संस्कृति और योग के शिक्षक रोहतक, (हरियाणा) निवासी डॉ. जसबीर उच्चायोग के आधिकारिक क्षेत्र अकरा, घाना में योग गतिविधि की देखरेख करते हैं।

## योग के मुख्य अंग

**यम :** सामाजिक आचरण (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह)
**नियम :** व्यक्तिगत आचरण (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान)
**आसन :** शारीरिक मुद्राएं
**प्राणायाम :** श्वास नियंत्रण
**प्रत्याहार :** इंद्रियों को नियंत्रित करना
**धारणा :** एकाग्रता
**ध्यान :** चिंतन
**समाधि :** ध्यान की चरम अवस्था।

आज, योग एक लोकप्रिय व्यायाम और कल्याण पद्धति के रूप में दुनिया भर में जाना जाता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

## योग प्रोटोकॉल में शामिल मुख्य बातें

**प्रार्थना :** योग अभ्यास की शुरुआत से पहले, शांति और सकारात्मकता के लिए प्रार्थना की जाती है.

**चालन क्रिया :** शरीर को वार्म-अप करने और लचीलापन बढ़ाने के लिए, गर्दन, कंधे, कमर, और घुटनों की चालन क्रियाएं की जाती हैं.

**आसन :** योग के मुख्य भाग में, विभिन्न आसन (जैसे खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल, और पीठ के बल) किए जाते हैं.

**प्राणायाम :** सांस लेने की तकनीकें, जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, और शीतली, शरीर और मन को शांत करने के लिए की जाती हैं.

**ध्यान :** ध्यान के माध्यम से, एकाग्रता और मानसिक शांति प्राप्त करने का अभ्यास किया जाता है.

**संकल्प :** योग अभ्यास के अंत में, एक सकारात्मक संकल्प लिया जाता है, जो पूरे दिन के लिए प्रेरणा प्रदान करता है.

**शांति पाठ :** योग सत्र के समापन पर, शांति और सद्भाव के लिए शांति पाठ किया जाता है।

### कृष्ण, महावीर व बुद्ध ने भी योग का विस्तार किया

भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महाबीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

### सामान्य योग प्रोटोकॉल में ये अभ्यास शामिल

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सामान्य योग प्रोटोकॉल में प्रार्थना, योग आसन (जैसे ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन), प्राणायाम (जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली), ध्यान, संकल्प, और शांति पाठ जैसे अभ्यास सिखाए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल में इन अभ्यासों को शामिल किया गया है, ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके।



कविता | **डॉ. शील कुमार**



## भारत की हो जय जयकार

परम वैभवी भारत बणज्यआ,
संघ शक्ति का हो विस्तार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,
भारत की हो जय जयकार।।

ना भेद-भाव हो मन मैं,
ना मंदिर-कुआं न्यारा हो।
ना जात-पात हो दिल मैं,
बस सबका भाई चारा हो।
सामाजिक समरसता होज्या,
मिट ज्यागी सारी तकरार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

कुटुंब प्रबोधन करकै,
घर मैं सबनै सम्मान मिलै।
हों बालक आज्ञाकारी,
और देश-धर्म का ज्ञान मिलै।
टुटणै तै परिवार बचैंगे,
घर मैं बणे रहं संस्कार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

स्व का भाव जगाकै,
स्वदेशी का इब ध्यान करो।
स्वभाषा व संस्कृति,
महापुरुषों पै अभिमान करो।
उज्ज्वल अपणी परम्परां सैं,
जीवन का सैं ये आधार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

इब पाणी खूब बचाणा,
और प्लास्टिक दूर भगाणा सै,
पौधे नये लगाकै,
पर्यावरण बचाणा सै।
शुद्ध हवा और पाणी होज्या,
स्वस्थ रहैगा सब संसार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

हों यातायात के नियम,
चाहे बिजली फेर बचाणी हो।
सरकारी सम्पत्ति की,
हांम कदै करां ना हानि हो।
नागरिक के कर्तव्य निभावां,
भारत मां के पहरेदार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

रागनी | **भूपसिंह भारती**



## पेड़ ही पेड़ लगाओ

जग म्ह जीणे की खातिर, पौधे पांच लगाओ।
सूखी अर वीरान धरा नै, फेर तै हरी बणाओ।।

धरती की हम करा रूखाली, बण कै सच्चे माली,
फळ फुलां तै लदी रहै सै, म्हारी एक एक डाली,
फेर करी क्यूं नजर कुढ़ाली, हमनै काट बगाओ।

गहरी सीली छाया द्यां, अर द्वां हम अन्न पाणी,
जीव जंतु संतान सगी रै, ना समझी कदे बिराणी,
कदे ना कदर पिछाणी, थम म्हारा गळ कटवाओ।

समझ नहीं थारै आई, हम धरती के आभूषण,
पर्यावरण नै शुद्ध करा, भई करकै दूर प्रदूषण,
पेड़ करै सबका पोषण, थम शोषण नै रुकवाओ।

सब बातां नै छोड़ कै सारे, मिल कै शपथ उठाओ,
पेड़ो की रखवाळ करो अर, पेड़ ही पेड़ लगाओ,
कहै 'भारती' पेड़ लगाकै, इणका संताप मिटाओ।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

केश विन्यास | **हरियाणवी महिलाओं की गौरवशाली पहचान चूंडा साफ-सुथरी और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक कहलाता था**



# चूंडा : विलुप्त होती एक हरियाणवी परंपरा

श्रृंगार | **आशा कुमारी**

हरियाणा की सांस्कृतिक परंपराएं जितनी गहरी हैं, उतनी ही आकर्षक भी हैं। लोकगीत, पहनावा, बोली और नृत्य के साथ-साथ यहाँ की स्त्रियों की सजने-संवरने की शैली भी समय-समय पर लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही है। ऐसी ही एक विलुप्त होती परंपरा है 'चूंडा' बनाने की हेयरस्टाइल, जो कभी हरियाणा की पहचान और ग्रामीण स्त्रियों की शोभा मानी जाती थी।

### चूंडा क्या होता है?

चूंडा एक पारंपरिक हेयर स्टाइल थी जिसमें महिलाओं के बालों को अलग-अलग सेक्शनों में बाँटकर, बारीकी से छोटी-छोटी चोटियों में गूंथा जाता था। फिर उन सभी चोटियों को मिलाकर सिर के ऊपरी हिस्से पर एक गोल जूड़ा बनाया जाता था। इस जूड़े को सजाने और स्थिर रखने के लिए काले रंग के सूती धागों की मदद से बालों को बाँधा और लपेटा जाता था। ये काम गाँव की एक विशेष महिला जिसे 'नाण' कहा जाता था, करती थी। 'नान' वह स्त्री होती थी जो अनुभवी होती थी चूंडा बनाने में। हर गांव में एक-दो नाण होती थीं जो त्योहारों, शादी-ब्याह और विशेष अवसरों पर युवतियों और महिलाओं से उपहार भी प्राप्त करती थी। आप कह सकते हैं नाण पुराने जमाने की ब्यूटीशियन होती थी। चुटिला जो काले सूती धागों से बनता था, का इस्तेमाल सबसे ज्यादा चूंडा बनाने के लिये होता था। शादी या त्योहार के अवसरों पर काले धागे जिनके छोर पे लाल, पीले, हरे जैसे रंगीन धागों को भी इस्तेमाल किया जाता था। बालों को बाँधकर आखिर में चूंडे को इन्हीं कपड़ों से लपेटकर एक साफ-सुथरी और सुंदर आकृति दी जाती थी।

### हर दिन नहीं धोए जाते थे बाल

उस समय बालों को जल्दी-जल्दी नहीं धोया जाता था। आमतौर पर महिलाएं सप्ताह में एक बार बाल धोती थीं, और बाकी दिनों में चूंडा बनाने की वजह से



बाल धूल और गंदगी से सुरक्षित रहते थे। गूंथे हुए बाल उलझते नहीं थे, और न ही खुले बालों की तरह चेहरे पर आते थे। इस प्रकार चूंडा एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक था। हरियाणवी बोली में चूंडा को लेकर कई मुहावरे और कहावतें प्रचलित थीं। जैसे कि 'चूंडा पाड़ देना' जो लड़ाई की तीव्रता को दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता था।

### लोकनृत्य में चूंडे की प्रतीकात्मकता

आज भले ही महिलाएं रोज चूंडा न बनाती हों, लेकिन हरियाणवी नृत्य में यह आज भी जीवित है। नर्तकियाँ अपने सिर पर एक कोन जैसी आकृति (कार्डबोर्ड या कागज की बनी) रखती हैं, जो चूंडे का ही प्रतीक होती है।

यह न केवल एक सजावट होती है, बल्कि यह दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का काम करती है। इसलिए फिल्मों में भी हरियाणवी पोषाक के साथ सिर पर चूंडे को दर्शाया जाता है। चूंडा बनाना अक्सर अकेले नहीं होता था। नाण जब महिलाओं के बाल बनाती थीं, साथ बैठकर गप्पें मारती थीं, लोकगीत गाती थीं और एक-दूसरे को गाँव की सारी खबरें देती थी। इससे शायद सोशल मीडिया की कमी कुछ पूरी होती होंगी। यह एक सामूहिकता का अनुभव था। इसमें आपसी रिश्ते भी मजबूत होते थे और परंपरा भी आगे बढ़ती थी। आज के समय में, जब जीवन की रफ्तार तेज हो गई है और फैशन ट्रेंड्स इंस्टाग्राम से तय होते हैं, ऐसे में चूंडा जैसी परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। अब शायद ही किसी लड़की या महिला के सिर पर वह खूबसूरत चूंडा दिखता है, जो उसकी दादी या नानी कभी बनाती होंगी।

### संस्कृति की चोटी पर बंधी स्मृति

चूंडा न केवल एक जूड़ा होता था, बल्कि हरियाणवी स्त्री की गौरवशाली पहचान थी। यह बालों के सजने से कहीं ज्यादा, परंपरा, स्त्रीत्व और सौंदर्य का प्रतीक था। आज जब हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लौटने की बातें कर रहे हैं, तो हमें ऐसी छोटी-छोटी परंपराओं को भी संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा।

### फिर से दिलानी होगी पहचान

हरियाणा के कलाकार चाहें तो अब चूंडा जैसी शैलियों को फिर से पहचान दिलाने की कोशिश कर सकते हैं? इसके लिए लोकनृत्य प्रशिक्षण, गांवों में आयोजित सांस्कृतिक मेलों और स्कूलों की लोककला कार्यशालाओं में चूंडा बनाना सिखाया जा सकता है। युवतियां भी अब इसे एक 'विंटेज हेयरस्टाइल' के रूप में देख सकती हैं।

# लोक साहित्य की वाचन परंपरा का खास महत्व : रविन्द्र रवि

कलाकार | **ओ.पी. पाल**

हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य को अपनी आवाज के जादू से नया आयाम देते आ रहे रविन्द्र कुमार रवि अनूठी साधना में जुटे हैं। मसलन कवि सम्मेलन, काव्य मंच, आकाशवाणी व टीवी चैनलों के माध्यमों से साहित्य की विधाओं को स्थान मिलता रहा है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर साहित्य की वाचन-परंपरा का नया चितेरा बनकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, जो करीब नौ वर्षों से हिंदी और हरियाणवी में अपनी कलम और आवाज के जादूगर के रूप में एक मजबूत व्यक्तित्व और बेहतरीन मंच संचालक के रूप में उभरे हैं।

अंग्रेजी शिक्षक एवं साहित्यविद्, लेखक एवं आवाज के जादूगर रविन्द्र कुमार रवि ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कई ऐसे तथ्यों को उजागर किया है, जिसमें वह अपनी वाचन कला की प्रतिभा के बल पर हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य की वाचन परंपरा को देशभर की रचनाधर्मिता से जोड़े हुए हैं। रविन्द्र कुमार 'रवि' का जन्म 18 जुलाई 1978 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव सुरेहली में फतेह सिंह और चंद्रकला के घर में हुआ। उनके पिता सेना में देश की सेवा में रहे तथा माता गृहणी के रूप में धार्मिक प्रवृत्ति के साथ परिवार को संस्कार देने में जुटी रही। परिवार में कोई साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल नहीं रहा, लेकिन बचपन से रेडियो सुनने के शौकीन रहे रविन्द्र रवि यादव लोक संस्कृति पर आधारित काव्य सृजन यानी काव्य मंचों पर तरन्नुम में मधुरकंठी काव्यपाठ से छाप छोड़ने में माहिर हैं। पठन पाठन, वाचन, संगीत सुनना, हिंदी हरियाणवी में लिखना उनकी अभिरुचि में समाया हुआ है। रवि ने नाहड़ के सरकारी कालेज से स्नातक, मोरनी हिल्स से जेबीटी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद छह वर्ष तक एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। इनकी बाद में दिल्ली सरकार के स्कूल में अंग्रेजी के जेबीटी शिक्षक के तौर पर नियुक्ति हुई। इसके साथ ही वह अपने लोक साहित्य को नया आयाम देते हुए रचनात्मक कार्य में जुटे रहे। वर्ष 2016 में वे बोल हरियाणा के एक बड़े मंच से जुड़े और उनकी इस कला की प्रतिभा को ऐसे पंख लगे कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बकौल रवि उन्होंने बोल हरियाणा देश के विभिन्न कोनों के वरिष्ठ रचनाकारों की चार सौ से ज्यादा लघुकथाओं तथा 'बोल किताबों ताई के' नामक शीर्षक से अपनी हरियाणवी रचनाओं की एक लंबी श्रृंखला को स्वर देकर विशिष्ट पहचान बनाई। अब तक वह करीब पांच सौ बोल किताबो ताई के लिख चुके हैं। फोटो आधारित इन छह पंक्तियों में हरियाणवी जीवन के हर पहलू को लिखने का प्रयास किया है। वहीं उन्होंने कोरोना काल में अपने उक्त स्थायी स्तंभों के अलावा एक चिट्ठी अपनों के नाम, माई लाइफ ड्यूरिंग लॉकडाउन, आपके जज्बात के साथ आदि समसामयिक स्तंभों का लेखन करके अपना रचनात्मक योगदान दिया है। उनका कहना है कि अंग्रेजी उनके कार्य क्षेत्र के लिए एक विषय है, लेकिन हिन्दी भाषा रगों में रची-बसी है और हरियाणवी मां बोली है।





### यहां से मिली मंजिल

आवाज के जादूगर रविन्द्र रवि ने बताया कि उनकी इस रचनात्मक यात्रा में जनवरी 2019 में एक नया पड़ाव उस समय आया, जब उन्होंने इसी परंपरा पर आधारित नवाचारी प्रकल्प प्रारंभ किया। बोलता साहित्य-विद रवि यादव नामक इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से उन्होंने फिर नए प्रयोग करने शुरू किए। इसी माध्यम से वह अभी तक शताधिक लघुकथाएं, करीब एक दर्जन कहानियां, डेढ़ सौ से ज्यादा कविताएं, काफी ज्यादा संख्या में समीक्षाएं, संस्मरण, पत्र आदि रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुके हैं। वह विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी कर चुके हैं तथा प्रसारित संस्मरणों पर आधारित कुटुंब नामक एक ई-बुक भी लॉन्च कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कथा कहानी कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लघुकथाओं का प्रसारण हुआ इसके साथ-साथ बड़ी कहानियां एवं कविताओं का भी प्रसारण रेडियो बोल हरियाणा पर हुआ। आधुनिक युग में लोक कला एवं संस्कृति को लेकर रविन्द्र कुमार रवि का कहना है कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत सदियों पुरानी और समृद्ध रही है। हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, रंगमंच और साहित्य ने सदा से समाज को दिशा दी है। इस आधुनिक युग में भी लोक कला और संस्कृति ने अपना विशिष्ट स्थान बए रखा है।

### पुरस्कार और सम्मान

अपनी इस अनूठी साहित्यिक कला की साधना में जुटे रविन्द्र रवि को अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें प्रमुख रुप से बोल हरियाणा गौरव सम्मान, लघुकथा हितैषी सम्मान, हिंदी गूंज पुरस्कार, हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी सेवी सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में आउट स्टैंडिंग टीचर ऑफ डेल्ही शिक्षक सम्मान, वेस्ट दिल्ली जोनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड, यूनेस्को के वर्ल्ड वाइड न्यूज लेटर में सम्मान के अलावा अनेक सामाजिक,साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से भी अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

## चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

**रोहतक।** भाविप भगत सिंह शाखा द्वारा वैश्य महिला महाविद्यालय झज्जर रोड में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों के टेस्ट उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचरण सिंगला ने की। कार्यक्रम में वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के महासचिव राजेंद्र बंसल ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। उन्होंने डॉक्टर सुहास कीर्ति सिंगला व चारु गुप्ता जेनेसिस सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल का धन्यवाद किया। भगत सिंह शाखा के समाज सेवा के कार्यों की सराहना की गई।



## प्राची ने नीट में 572 व प्रीत 540 अंक हासिल किए

**महम।** आर्य स्कूल मदीना के दो होनहार विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया नीट परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। गांव मदीना निवासी प्राची ने ऑल इंडिया में 4945 वीं रैंक हासिल करते हुए 572 अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह, प्रीत ने 540 अंक लेकर ऑल इंडिया में 7623 वीं रैंक प्राप्त की है। स्कूल प्राचार्य अशोक दांगी ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 60 लोगों के बने आयुष्मान कार्ड

**रोहतक।** वार्ड-7 स्थित शहीद मदन लाल ढींगरा प्रशिक्षण केंद्र, दिव्य योग आश्रम के पास वाली गली में खत्री अरोड़ा मैत्री संघ ट्रस्ट द्वारा रविवार को एक विशेष निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, वार्ड पार्षद कपिल नागपाल और हैप्पी अनेजा द्वारा संयुक्त रूप से किया।

### 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़कर भाग लेंगे बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मी: सहदेव आर्य

# जियो फेंसिंग हाजिरी के विरोध में हरियाणा के सभी सिविल सर्जन को देंगे ज्ञापन: शर्मिला

स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन विरोध करते हुए 25 जून तक प्रदेश के सभी 22 जिलों में रोष सभा करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियो को लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी लगाने के लिए बाध्य करने वाले निर्णय का बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन विरोध करते हुए आगामी 25 जून तक राज्य के सभी 22 जिलो में रोष सभा करेंगे और सिविल सर्जनों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन देंगे। यह निर्णय सुखपुरा चौक पर स्थित सर्व कर्मचारी संघ के भवन मे चली बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए प्रदेशाध्यक्ष शर्मिला देवी, महासचिव सहदेव आर्य, वित सचिव धर्मबीर सिंह तथा वरिष्ट उपप्रधान सुशील जांगडा ने बताया कि सरकार द्वारा इन आदेशों को सिविल सर्जनों के माध्यम से भेजे जाने वाले ज्ञापनों के उपरान्त भी वापिस नहीं लिया गया तो कर्मचारियो को साथ लेकर निर्णायक आन्दोलन किया जाएगा। उन्होने बताया कि लाईव लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी भारत के संविधान व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों व टिप्पणी का उल्लंघन और कर्मचारी की व्यक्तिगत निजता पर हमला है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को देश के बुनियादी मुद्दों व आम नागरिकों व कर्मचारी ,मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ होने वाली राष्ट्रव्यापी हडताल मे बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी बढचढकर भाग लेंगे। महासचिव सहदेव आर्य उपप्रधान सुदेश रानी, बबीता , सुखविन्द तथा कृष्ण रेवाडी ने बताया कि बैठक से पूर्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व महासचिव सत्यपाल सिवाच ने जहां सरकार की निजिकरण, वैश्वीकरण तथा ठेकेदारी प्रथा को लेकर सगठन को मजबूत करने के लिए सगठन के पदाधिकारियो को प्रशिक्षित किया। वहीं पर स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा ने बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएसन के पूर्व इतिहास व आगामी चुनौतियों के साथ कर्मचारियो के मूल अधिकार और जनता के प्रति कर्मचारी का कर्तव्य विषय पर अपने विचार रखते हुए कर्मचारियो को जागरूक करने का कार्य किया।



**रोहतक।** बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक को सम्बोधित करते महासचिव सहदेव आर्य।

**ये मांगे पूरी करे सरकार**

उन्होने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत महिला एमपीएचडब्लू को नियमित कर्मचारी की भांति 4200 ग्रेड पे देने, पदोन्नत पदों की वेतन विसंगति दुरस्त करके एमपीएचएस को 4600 ग्रेड पे तथा एसएमआई को 4800 ग्रेड पे का वेतनमान देने, एमपीएचडब्लू के रिक्त पदो पर नियमित भर्ती करने, रिक्त पडे सैकडों पदोन्नत पदो को पदोन्नति से भरने, महिला एमपीएचडब्लू को राजस्थान सरकार की भांति पदोन्नति के ज्यादा अवसर प्रदान करने, स्वास्थ्य विभाग के अन्य वर्गो की भांति एमपीएचडब्लू व उसके पदोन्नत पदो के नामकरण को संशोधित करने, उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर कार्यरत प्रत्येक महिला एव पुरूष एमपीएचडब्लू को टीकाकरण सहित अन्य कार्यो को आनॅ लाईन करने के लिए इन्टरनेट युक्त सिम, लैपटाप उपलब्ध करवाने की माग की । उन्होने बताया कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई तो जुलाई माह से प्रदेश के सभी 22 जिलों में जिला स्तरीय कन्वेंशन करके निर्णायक आंदोलन की घोषना की जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

की बैठक में सभी जिलो के प्रधान , सचिव, कैशियर, कोषाध्यक्ष धर्मबीर सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान सुशील जांगड़ा, राज्य उप प्रधान सुदेश रानी, राज्य कमेटी सदस्या बबीता रानी, सुखविंद्र सिंह, कृष्ण रेवाड़ी, स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के महासचिव सतपाल खासा, कोषाध्यक्ष रणधीर चहल , सविता मोर, विनोद हुडा, विकास, धर्मबीर, प्रवीन सागवान, गुरनाम सिह सैनी, अमरजीत, भूपेन्द्र बसंल, चचंल वर्मा, जगदीश, सतीश, सुशील, राजकुमार, आदि सैकडो स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# ग्रीन वूड सिटी में बच्चों ने किया पोधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

ग्रीनवुड्स सिटी सेक्टर 46, आरडब्ल्यूए द्वारा आज एक प्रेरणादायक पोधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया , जिसमें सोसायटी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन विशेष रूप से समर्पित था 'एक पेड़ मां के नाम' । इस पहल का नेतृत्व श्री ऋत्विक बहुगुणा और श्री संजीव ग्रोवर के संरक्षण में किया गया, जिन्होंने न केवल आयोजन को समर्थन दिया, बल्कि बच्चों को प्रकृति से जुड़ने और उसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र डांगी और उपाध्यक्ष कर्नल जंगबीर सिंह रांगी ने भी बच्चों और उनके माता-पिता का उत्साहवर्धन किया और उन्हें इस सराहनीय पहल में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों में जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना भी विकसित होती है। बच्चों ने सोसाइटी के विभिन्न क्षेत्रों में कई पौधे लगाए। उन्हें पौधों के महत्व, पर्यावरण में उनके योगदान और उनकी देखभाल के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। श्री ऋत्विक बहुगुणा ने कहा, 'जब बच्चे प्रकृति से जुड़ते हैं, तो भविष्य अपने आप हरियाली की ओर बढ़ता है। एक पौधा सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि उम्मीद का प्रतीक है।' श्री संजीव ग्रोवर ने कहा, 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक भाव है- मां के त्याग, स्नेह और छांव को प्रकृति के माध्यम से सम्मान देने का प्रयास। आरडब्ल्यूए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी और बच्चों के लिए एक 'किड्स फॉर नेचर' क्लब शुरू किया जाएगा ताकि यह हरित पहल निरंतर चलती रहे। यह आयोजन न केवल पर्यावरणीय चेतना का उदाहरण है, बल्कि सामूहिक भागीदारी और बच्चों की सक्रियता से प्रेरणा लेने का भी अवसर है।

## जेजेपी 15 से 31 जुलाई तक चलाएंगी सदस्यता अभियान

- राजदीप फौगाट एवं राष्ट्रीय सचिव सुमित राणा ने रोहतक जिले में सदस्यता अभियान की शुरूआत की

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर मीटिंग हुई। जेजेपी राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायक राजदीप फौगाट एवं राष्ट्रीय सचिव सुमित राणा मीटिंग में पहुंचे। उन्होंने आज सदस्यता अभियान की शुरूआत की। जिला प्रभारी हरज्ञान मौखरा एवं जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत किया। अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख जताया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी और परिवार के प्रति अपनी संवेदना और शोक प्रकट किया और 2 मिनट का मौन रखा। सदस्यता अभियान प्रभारी जेजेपी राष्ट्रीय महासचिव राजदीप फौगाट ने बतायश कि सदस्यता अभियान आगामी 31 जुलाई तक चलेगा। जिले के हर हल्के में 5000 नये सदस्य जोड़ने का पार्टी ने लक्ष्य रखा है। उन्होंने सभी हल्को के हल्का प्रधान एवं पार्टी पदाधिकारियों की एंव कार्यकर्ताओं की अलग से मिटिंग ली। उन्होंने कहा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला जननायक ताऊ देवीलाल के नक्शे-कदम पर चलते हुए दिन रात जन सेवा मे लगे हुए है।

## दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**राजयोग।** भवन, सेक्टर 3 ब्रह्माकुमारी सेंटर में बच्चों के लिए दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में बच्चों के अंदर अच्छे संस्कारों को विकसित करने के लिए तैयारी करवाई गई और साथ ही साथ क्रिएटिव वैल्यू बेस्ड एक्टिविटी, मेडिटेशन, मनोरंजन के लिए डांस आदि कराया गया। इसमें पहले दिन बीके सीमा बहन ने बच्चों को मन को एकाग्र करने की विधि बताई। मन को एकाग्र करने के लिए मन और बुद्धि का एक होना जरूरी है। मन और बुद्धि जब एक साथ किसी एक संकल्प पर लगाते हैं तब सफलता मिलती है। बीके सरदार भाई ने बताया सुबह उठकर परमात्मा को याद करना है और अच्छे-अच्छे संकल्प करने हैं,मां बाप की बात माननी है।

## पोर्टल से सरकार को बताएं मन की बात : उपायुक्त

**रोहतक।** ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है।

**अपने गांव की ही शिकायत होगी दर्ज**

ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में शिकायत दर्ज कर सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद सदस्य/विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे।

# बुजुर्गों से दुर्व्यवहार पर हो सकती है छह माह की जेल

- सब डिविजन लीगल सर्विस कमेटी ने महम में कैंप लगाकर बुजुर्गों को बताए उनके अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सब डिविजन लीगल सर्विस कमेटी महम के चेयरमैन न्यायधीश अमित अमित श्योराण निर्देश पर महम के ईश्वर सदन महम में सब डिविजन लीगल सर्विस कमेटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दुर्व्यवहार के विरुद्ध दिवस मनाया गया। इसके लिए कमेटी द्वारा एक कैंप लगाया गया। इस कैंप में महम शहर व आस पास के क्षेत्र के वृद्ध लोगों ने भाग लिया। सब डिविजन लीगल सर्विस कमेटी के सदस्य एडवोकेट जितेंद्र सैनी ने बुजुर्गों को कानूनी जानकारी दी और उनको उनके अधिकारों के बारे में बताया। सैनी ने वरिष्ठ नागरिक को बताया कि वृद्ध लोगों को भरण पोषण कल्याण एक्ट 2007 में बुजुर्गों के अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। क्योंकि वृद्ध समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। वे ज्ञान, अनुभव और सांस्कृतिक मूल्यों के भंडार होते हैं। वे ही युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करने, उन्हें घर से निकालने और माता पिता व वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण न करने पर भरण पोषण कल्याण एक्ट 2007 के तहत सजा का प्रावधान है। सीनियर सिटीजन के साथ दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति को 6 महीने तक की कैद या 10 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। पीड़ित वरिष्ठ नागरिक इसकी शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन, स्थानीय एसडीएम अथवा मैजिस्ट्रेट को कर सकते हैं। इस तरह के केस स्पेशल कोर्ट द्वारा सुने जाते हैं। सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए टॉल फ्री सुविधा भी दी गई है।



**महम।** सब डिविजन लीगल सर्विस कमेटी द्वारा आयोजित कैंप में वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते एडवोकेट जितेंद्र सैनी।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर धनपति, सुनीता, राजो, भतेरी, रतनी, मेसर, सुशीला, मनतारी, मनतारी, सुनीता, रामरती, सुनीता, सुदेश, संतोष, माया, मूर्ति, रोशनी, सावित्री, कलावती, सुदेश, महेंद्र सिंह, काला, बालां देवी, संतरो, पानपोरी, गुड्डी, नीता, निर्मला, पूनम, मंजू, शीला व जसफूल समेत समेत कई बुजुर्ग मौजूद थे।*

## नीट में सूरज स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नेहा ने 720 अंकों में से सर्वाधिक 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में खुशी ने 553 अंकों के साथ द्वितीय तथा रुचि ने 549 अंकों के साथ तृतीय, निखिल कुमार ने 547, काव्या ने 545, मनीष ने 541, सुनील कुमार ने 540, प्रियांशु ने 538, अभिषेक ने 537, विष्णु ने 536, आकांक्षा ने 535, मेहा ने 534, विवेक ने 527, हिमांशी ने 525 एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।



नेहा खुशी

## नीट में आरपीएस के 102 छात्रों ने पाए 500 से अधिक अंक

**महेंद्रगढ़।** एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के छात्रा सारिका ने 720 में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरपीएस संस्था के 102 विद्यार्थियों ने पूरे देश-प्रदेश में इतिहास रचते हुए 500 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस परीक्षा परिणाम पर आरपीएस विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव, संस्था के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है।

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों के सभी आवेदकों का पूरा ट्रैक रिकार्ड होगा चेक: बीवी श्रीनिवास

- अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस में जबरदस्त उत्साह, शहरी और ग्रामीण अध्यक्ष पद के लिए अब तक पर्यवेक्षकों को 30 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

संगठन सृजन अभियान के तहत रोहतक पहुंचे युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने कहा जिला अध्यक्ष को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है, अब तक उन्हें 30 आवेदन रोहतक शहरी और ग्रामीण से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने जो मानदंड तय किए हैं उन्हीं के अनुसार कार्य पूरा होगा।

आज संगठन सृजन अभियान की बैठक से पहले विधायक भारत भूषण बत्तरा ने प्रस्ताव रखा कि अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में मारे गए यात्रियों की आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की जाए। सभी ने इस प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और 2 मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की। पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने कहा अभी 20 जून तक वह रोहतक का दो बार दौरा और करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं से वह निजी रूप से मिलने के लिए भी तैयार हैं। कार्यकर्ता चाहे तो उनसे फोन पर भी बात कर सकते हैं, श्रीनिवास ने अपना निजी फोन नंबर भी मंच के माध्यम से सार्वजनिक किया। उन्होंने कहा कि बहुत सारे कार्यकर्ता उनके दिल्ली स्थित आवास पर भी आकर उनसे मिले हैं। कांग्रेस में इस अभियान को लेकर जबरदस्त उत्साह है, प्रधान पद के लिए लगातार आवेदनों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी की सोच के अनुसार संगठन निर्माण का कार्य तेजी से शुरू हुआ है। इसी महीने के अंत तक सभी लिस्ट फाइनल कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि जो भी जिला अध्यक्ष के लिए आवेदन कर रहे हैं सभी का पूरा ट्रैक रिकॉर्ड चेक किया जाएगा, कांग्रेस के लिए किसने कितना समर्पण के साथ कार्य किया है सब देखा जाएगा।



**रोहतक।** बैठक लेते युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ।

**इंतजार अब होगा समाप्त: बत्तरा**

*इससे पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक भारत भूषण बत्तरा ने कहा कांग्रेस को बहुत लंबे समय से संगठन की आवश्यकता थी, यह इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। कांग्रेस का संगठन बनेगा और जिन्हें जो भी दायित्व मिलेगा सब उनका सहयोग करेंगे। बत्तरा ने कहा कि संगठनात्मक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए जो भी प्रभारी कांग्रेस के रहे सभी ने अच्छा कार्य किया।*



# प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

■ गुरुद्वारा बंगला साहिब में विशेष गुरमत समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मिरी-पीरी के प्रतीक, छठे पातशाह श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाशोत्सव रविवार को गुरुद्वारा बंगला साहिब में श्रद्धा, सम्मान और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष गुरमत कीर्तन समागम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में साध-संगत शामिल हुई। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झिंडा व उनके साथ पूर्व सीनियर मेंबर सरदार हरभजन सिंह राठौर भी मौजूद रहे। प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर दोनों नेताओं ने गुरुद्वारा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रधान झिंडा साहब ने कहा कि हम बहुत जल्द जींद में 300 एकड़ क्षेत्र में विश्व स्तरीय यूनिवर्सिटी स्थापित करने जा रहे हैं, जो हरियाणा के सिख समाज के लिए एक ऐतिहासिक सौगात होगी। गुरुद्वारा बंगला साहिब रोहतक में लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से भव्य लंगर हाल तैयार किया जाएगा, जिसकी सेवा शीघ्र शुरू की जाएगी। हरियाणा के सिख समाज से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। रोहतक के सिख समुदाय की समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। झिंडा साहब ने आश्वस्त किया कि रोहतक में एक पुस्तकालय व एक डिस्पेंसरी स्थापित करने के लिए शीघ्र प्रयास शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर अनेक प्रमुख सिख नेता व संगत उपस्थित रही, जिनमें शामिल एग्जीक्यूटिव मेंबर सरदार करनैल सिंह (नीमनाबाद), सिरसा से मेंबर कुलदीप सिंह (फागू), सरदार निर्मल सिंह (जर्मनी), गुरुद्वारा मंजी साहिब लाखन माजरा के मैनेजर पूरन सिंह, गुरुद्वारा बंगला साहिब रोहतक के मैनेजर दलजीत सिंह विर्क, सरदार जसविंदर सिंह चौहान सहित सैकड़ों श्रद्धालु संगत ने गुरमत समागम में हिस्सा लिया।





रोहतक।- गुरुद्वारा बंगला साहिब में गुरमत समागम में मौजूद संगत और गुरुद्वारा बंगला साहिब में गुरमत समागम में धर्म प्रचार। फोटो : हरिभूमि




रोहतक। गुरुद्वारा बंगला साहिब में आए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झिंडा ,पूर्व सीनियर मेंबर सरदार हरभजन सिंह राठौर व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जुलानी गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**जींद।** हरफूल जाट जुलानी गांव में राजबीर सिंह सहारण के 69वें जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. बक्शीश, डॉ. श्याम बहादुर और मार्केटिंग मैनेजर सुमित मग्गू मौजूद रहे। शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, बीएमडी, ईसीजी, आरबीएस और बीएमआई जैसी जांचें की गईं तथा दीपक जांगड़ा द्वारा मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह सहारण, सरपंच नरेश, ब्लॉक समिति सदस्य संदीप सहारण, जगबीर सिंह सहारण, रोशन सिंधु और कर्मबीर सिंह ने उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार



**रोहतक।** जिला पुलिस की सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। सीआईए-2 स्टाफ के एसआई सतीश कुमार ने बताया कि एएसआई मुकेश के नेतृत्व मे सीआईए-2 स्टाफ की टीम बलियाना खेड़ी साध के पास गश्त में मौजूद थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव बलियाना के रास्ते से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रोहित उर्फ छोटा निवासी बलियाना के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक राउंड बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि जिले में पुलिस ने अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चला रखा है।

## आज तेज हवा चलने व बारिश होने की संभावना

# सांपला 15 और रोहतक में 2 एमएम बारिश, गर्मी से मिली राहत, पारा गिरा

शनिवार को तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस था, जो रविवार को गिरकर 34.6 रह गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ने के बाद शनिवार-रविवार की रात रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। रविवार सुबह सांपला में 15 और रोहतक खंड में 2 मिलीमीटर बरसात हुई है। जिसकी वजह से रोहतक के तापमान में 12 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। शनिवार को जहां तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस था, वहीं रविवार को पारा 41.4 रहा। तापमान में न केवल रोहतक में कमी दर्ज की गई। बल्कि भिवानी को छोड़कर प्रदेश के सभी शहरों में पारा 40 डिग्री से नीचे आ गया। भिवानी में रविवार को भी तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस पर ही था। हालांकि बदले मौसम का यहां भी असर रहा। यहां बीते चौबीस घंटे में तापमान 6 डिग्री की गिरावट हुई। आईएमडी दिल्ली का पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में हरियाणा का पारा कई दिन तक तन नहीं झुलसाएगा। शनिवार की बजाय रविवार के दिन के तापमान में प्रदेश में औसत 6.3 डिग्री सेल्सियस की कमी आयी है। साथ ही आईएमडी का कहना है कि अब जब प्रदेश में मानसून की आवक जून के अंतिम दिनों में होगी तो ही एक बार और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

### जनजीवन था अस्त व्यस्त

जून के दूसरे सप्ताह से भी प्रदेश में गर्मी ने हाहाकार मचाया हुआ था। सभी शहरों का तापमान 40 डिग्री से ऊपर था। सिरसा में तो पारा 47 डिग्री को भी पार कर गया था। इसी बीच गत 13 जून को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से एक पूर्वानुमान जारी किया गया कि 15 और 16 जून को राज्य के मौसम में कुछ बदलाव होगा। उसी पूर्वानुमान के मुताबिक ही शनिवार-रविवार की रात प्रदेश में मौसम बदला। विश्वविद्यालय का ये भी कहना है कि 19 जून से हरियाणा में प्री मानसून की हवाएं चलनी शुरू होंगी। ये हवाएं अगर चलती हैं तो मानसून से पहले की बरसात भी होने की पूरी उम्मीद है। राज्य में अगर प्री मानसून की अच्छी बारिश होती है तो खरीफ से बंपर पैदावार होती है। क्योंकि किसान फसल की बिजाई कर लेते हैं और जो फसलें पहले से बोई जा चुकी हैं, उन्हें सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल जाता है।

रविवार शाम को जारी किए गए नए पूर्वानुमान में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले चौबीस घंटे में रोहतक समेत भिवानी, चरखी दादरी, फरीदबाद, गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, जींद, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, पानीपत, रेवाड़ी और सोनीपत में 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हवाएं चलेंगी। कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की जानकारी भी दी गई है।



# अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को दी श्रद्धांजलि

■ 27 जून को भारत रक्षा मंच के स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत रक्षा मंच हरियाणा प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सर्विस क्लब में सम्पन्न हुई। बैठक शुरू होने से पहले अहमदाबाद विमान हादसे में अपनी जान गंवाने वाले सभी भाई बहनों सहित भारत रक्षा मंच के संरक्षक और अहमदाबाद में भारत रक्षा मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में भाग लेने वाले विजय रुपाणी को श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में मुख्य बौद्धिक भारत रक्षा मंच उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रिय संगठन मंत्री अधिवक्ता, कमांडेंट रोहताश कुमार गुप्ता मुख्य तौर पर पहुंचे।

भारत में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों द्वारा गर कानूनी रूप से घुसपैठ और उसका निदान पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से सरकार की सहायता करने का आग्रह किया गया ताकि घुसपैठियों की पहचान और पकड़ ही सके। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राकेश सहरावत, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, प्रदेश संगठन मंत्री सत्यवान बिरला सहित पूरे हरियाणा से बड़ी संख्या में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए।

बैठक में आने वाली 27 जून को भारत रक्षा मंच के स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाने और 28/29 जून को हिसार जिले में होने वाले प्रांत प्रशिक्षण वर्ग पर चर्चा हुई। 25 से जून से पहले सभी जिला कार्यकारिणी पूरी करने पर जोर दिया गया। बैठक संगठन गीत से शुरू हुई और समापन मंत्र से पूर्ण हुई।

# आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट की छात्रा तनू का नीट में हुआ चयन

■ तनू ने नीट-2025 की परीक्षा में 569/720 अंक लेकर 2743 रैंक प्राप्त किया

■ डॉ अशोक दुहन ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट के इतिहास में यहां पर पढ़ने वाले छात्र - छात्राएं चार चांद लगाते ही रहते हैं और इसी श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए इसी इंस्टिट्यूट की छात्रा तनू सपुत्री मुकेश ने भी अपना योगदान दिया। तनू ने नीट-2025 की परीक्षा में 569/720 अंक लेकर 2743 रैंक प्राप्त किया। इससे इंस्टिट्यूट में हर्षोल्लास का माहौल छा गया। डॉ अशोक दुहन ने उसे और उसके माता-पिता को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।



# रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर ने गोशाला को भेंट किया प्रदूषण मुक्त इलेक्ट्रिक लोडिंग रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर की ओर से रविवार को जनता कॉलोनी स्थित वैश्य व्यायाम शाला एवं गौशाला को एक प्रदूषण मुक्त इलेक्ट्रिक लोडिंग रिक्शा भेंट किया गया। इस सेवा कार्य से गौशाला में रहने वाली गायों के लिए चारा, गुड़ आदि लाने की पुरानी आवश्यकता पूरी हुई है। कार्यक्रम के दौरान क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। गौशाला प्रधान सुभाष तायल ने क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह इलेक्ट्रिक रिक्शा लंबे समय से हमारी आवश्यकता थी। गौशाला में बड़ी संख्या में गायें हैं और एक गाय का चारा करीब 50 रुपये प्रतिदिन खर्च होता है। समाजसेवीजन गायों को गोद लेकर इस पुण्य कार्य में भागीदार बन सकते हैं। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि क्लब के प्रधान रोटेरियन विनोद जैन, सचिव सुनील जैन, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विजय तायल, रोटेरियन डॉ. चन्द्र गर्ग, राजीव जैन और गौतम जैन ने फीता काटकर इलेक्ट्रिक लोडिंग रिक्शा की चाबी गौशाला के प्रधान और अन्य सदस्यों को सौंपी। साथ ही इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी संस्था ने अपने हाथ में ली। रोटरी क्लब द्वारा आए हुए अतिथियों को पुष्प बुके देकर सम्मानित किया गया और उनके इस योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर विनोद जैन, दिनेश तायल, दीपक जिंदल, विजय तायल, संजय गोयल, नितिन तायल, रमेश रोहिल्ला, बालकिशन, विकास कंसल, विनोद सैनी, जयभगवान ऐरन, विजय बाबा, गौतम जैन, आदिश जैन, प्रवीन, राजीव बेरीवाल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




रोहतक। वैश्य व्यायाम शाला एवं गौशाला में इलेक्ट्रिक लोडिंग रिक्शा भेंट करते क्लब के प्रधान रोटेरियन विनोद जैन व अन्य पदाधिकारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

समस्या | अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी समाधान नहीं

# दुर्गा कॉलोनी की टूटी गली बनी परेशानी का सबब, छह महीने बाद भी नहीं हुई मरम्मत



■ लगभग छह माह पूर्व पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई थी गली

■ पाइप लाइन डालने में लग गए दो महीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम क्षेत्र की दुर्गा कॉलोनी के निवासियों को टूटी हुई गली के कारण लंबे समय से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली की मरम्मत कार्य में लापरवाही और देरी अब क्षेत्रवासियों के लिए रोजमर्रा की मुश्किलों का कारण बन चुकी है। लगभग छह माह पूर्व पाइपलाइन बिछाने के लिए गली को खोदा गया था। दो माह की देरी के बाद पाइपलाइन का कार्य तो पूरा कर दिया गया, लेकिन गली की मरम्मत अब तक नहीं करवाई गई है।

कॉलोनी के लोगों का कहना है कि गली में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो न केवल आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। टूटी गली में चलना बेहद मुश्किल हो गया है। बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहनों के लिए यह रास्ता बेहद जोखिम भरा हो गया है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, क्योंकि कीचड़ और पानी भर जाने से गड्ढे नजर नहीं आते।

### जनप्रतिनिधियों से की कई नहीं हो रही सुनवाई


इस विषय में उन्होंने विधायक बीबी बत्रा सहित कई जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि उनकी शिकायतें नजरअंदाज की जा रही हैं और नगर निगम के अधिकारी भी इस दिशा में उदासीन रवैया अपना रहे हैं।

### शीघ्र समाधान की मांग

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम आयुक्त और कार्यपालक अभियंता से गली की मरम्मत शीघ्र शुरू कराने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

# एचडी पब्लिक स्कूल के होनहार छात्रों ने नीट 2025 में रचा इतिहास





छात्र सन्नी और छात्रा रितु

**रोहतक।** शिक्षा, संस्कार और संकल्प के संगम एच. डी. पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर के छात्रों ने नीट 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र फोगाट, अकादमिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट और प्रधानाचार्य दुलाल देब ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारी शिक्षण गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन का परिणाम है। सन्नी सुपुत्र इन्द्रवेश (बहुअकबरपुर) ने एआईआर 14500 और नीरज सुपुत्री खेतराम (मोखरा) ने एआईआर 18468 प्राप्तकर शानदार प्रदर्शन दिया हैं। विद्यालय की छात्रा रितु ने एम्स बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एआईआर 612 हासिल की।